हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 7 मार्च 2025

11 मन, बुद्धि और चित को एकाग्र कर कथा सुनने से होता पापों...



11 गांव मताना में जागरूकता कैंप, ग्रामीणों को दी कानूनी...



## खबर संक्षेप

### एक अप्रैल से लागू होंगे नये कलेक्टर रेट

**फतेहाबाद**। प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2025-26 के कलेक्टर रेट एक अप्रैल, 2025 से लागू किए जाएंगे। संबंधित उपमंडल अधिकारी, तहसीलदार व उप तहसीलदार कार्यालय में वर्ष 2025-26 के प्रस्तावित कलेक्टर रेट की प्रति मौजूद है। अगर आमजन को इस पर आपत्ति या एतराज है तो वे 15 दिन के अंदर-अंदर संबंधित उपमंडल अधिकारी, तहसीलदार व नायब तहसीलदार कार्यालय में दर्ज करवा सकते हैं।

### आरोही स्कूलों में प्रवेश को लेकर आवेदन मांगे

**फतेहाबाद**। फतेहाबाद जिले में स्थित पांच आरोही मॉडल स्कूलों में साल 2025-26 के लिए कक्षा 6, 7, 8, 9 व 11वीं में प्रवेश के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। जिला शिक्षा अधिकारी की ओर से मिली जानकारी के मुताबिक दाखिले के लिए आज से 16 मार्च तक आवेदन किए जा सकते हैं। प्रत्येक आरोही स्कूल में कक्षा 6 के लिए सभी सीटों तथा कक्षा 7, 8, 9 व 11वीं के लिए खाली सीटों को प्रवेश परीक्षा 23 मार्च को होगी। दाखिले के लिए आवेदन पत्र संबंधित आरोही मॉडल स्कूलों से प्राप्त किए जा सकते हैं।

### बाबा राणाधीर मंदिर में मेडिकल जांच कैंप 9 को

**भूना**। बाबा राणाधीर मंदिर प्रांगण में 9 मार्च को सिख वेलफेयर सोसायटी लंदन यूके की ओर से मेडिकल जांच कैंप लगाया जाएगा। शुभारंभ सोसायटी के प्रधान बूटा सिंह और सतनाम सिंह करेंगे। बाबा राणाधीर कमेटी के सदस्य अनिल सोनी और हरविंदर बागड़ी ने बताया कि शिविर में मरीजों की विभिन्न बीमारियों का उपचार किया जाएगा वहीं निःशुल्क दवाइयां भी दी जाएंगी। मेडिकल कैंप में आंखों के विशेषज्ञ डॉ. मानवेंद्र सिंह टोहाना, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. संजय अरोड़ा हिसार, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. निधि जैन टोहाना, चमड़ी रोग विशेषज्ञ डॉ. रमा बंसल फतेहाबाद आदि सेवाएं देंगे।

### एमपी सौत्र से विवाहिता लापता, केस दर्ज

**फतेहाबाद**। गांव एमपी सौत्र से एक विवाहिता के लापता होने का समाचार है। इस बारे परिजनों द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव एमपी सौत्र निवासी एक व्यक्ति ने कहा है कि उसकी 29 वर्षीय पत्नी गत दिवस बिना घर पर बताए कहीं चली गई है और उसके बाद वह वापस घर नहीं लौटी है। उन्होंने काफी जगह उसकी तलाश की लेकिन जब उसका कहीं कुछ पता नहीं चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में भूना पुलिस ने केस दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी है।

### सरपंच पर धमकी का आरोप लगाकर पी स्प्रे, मौत

**सिरसा**। जिला के गांव खाई शेरगढ़ में सरपंच पर जान से मारने की धमकी देकर स्प्रे पीने वाले की मौत हो गई है। पुलिस ने मृतक के दिए बयान के आधार पर सरपंच राहुल के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। अस्पताल में उपचाराधीन मलकीत सिंह निवासी खाई शेरगढ़ ने पुलिस को अपने बयान में बताया कि वह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कांट्रेक्ट पर लैब अटेंडेंट के पद पर कार्यरत है। उसकी दो बेटियां व एक बेटा है। उसने पुलिस को दिए बयान में बताया कि 3 मार्च को रात्रि साढ़े 9 बजे उसके मोबाइल पर सरपंच का फोन आया। सरपंच ने उसे जान से मारने की धमकी दी। क्यों और किस कारण से धमकी दी, यह सरपंच ने नहीं बताया। धमकी की वजह से वह बुरी तरह से डर गया और अगले दिन खेतों में डालने वाला स्प्रे पी लिया।

## अतिक्रमण को लेकर सख्ती : रेहड़ी चालकों को दी हिदायत

# 10 दिन के अंदर नम्बरिंग करके अलग से जगह देने के आदेश

- बढ़ते अतिक्रमण को लेकर एसडीएम ने नपा अधिकारियों के साथ ली बैठक
- शीघ्र ही मुख्य बाजार में पीली पट्टी अंकित की जाएगी
- सिंगल यूज प्लास्टिक को लेकर चलाया जाएगा अभियान



रतिया। दुकानदारों को आवश्यक निर्देश देते एसडीएम सुरेश कुमार। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया

शहर में बढ़ते अतिक्रमण को लेकर एसडीएम सुरेश कुमार सख्त नजर आ रहे है। शहर के मेन बाजार में अतिक्रमण को लेकर एसडीएम ने आज नगरपालिका अधिकारियों के साथ-साथ दुकानदारों की भी बैठक बुलाई। बैठक में विभिन्न व्यापार संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। इस बैठक के दौरान एसडीएम ने शहर में अतिक्रमण न करने के आदेश देते हुए संबंधित प्रतिष्ठानों के मालिकों को इस संदर्भ में सहयोग देने का आह्वान किया। सडीएम ने सभी दुकानदारों को अपनी दुकानों के अंदर सामान रखने की हिदायतें दी वहीं रेहड़ी मालिकों को भी सडक़ से हटकर रेहडिय़ां लगाने व अलग से जगह देने को कहा। उन्होंने नगरपालिका अधिकारियों को 10 दिन के अंदर नम्बरिंग करके व नाम लिखाकर अलग से जगह देकर रेहड़ी लगाने के आदेश दिए। नगरपालिका की तरफ से शीघ्र ही मुख्य बाजार में पीली पट्टी अंकित की जाएगी और सभी दुकानदारों को पीली पट्टी के अंदर ही दो पहिया वाहन या अपना सामान रखने की अनुमति होगी। एसडीएम ने नगरपालिका अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर के सभी सार्वजनिक शौचालय खुले होने चाहिए। उनमें साफ-सफाई व पानी की उचित व्यवस्था होनी चाहिए। एसडीएम ने कहा कि पर्यावरण प्रदूषण रोकने के लिए राज्य प्रदूषण नियंत्रण विभाग ने सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया हुआ है। इसके लिए नगर पालिका की टीमें शहर में जांच अभियान चलाएगी। उन्होंने व्यापारियों व दुकानदारों को सिगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करने के लिए कहा और इसके लिए आप ग्राहकों को भी जागरूक करें। शहर में बिना परमिट व अवैध विज्ञापन लगाने वालों पर भी कार्रवाई होगी।

### दिया आश्वासन

इस बैठक के दौरान व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों के अलावा अन्य दुकानदारों व रेहड़ी मालिकों ने आश्वासन दिया कि उनके आदेशों की पालना की जाएगी और अतिक्रमण न हो, इसके लिए भी सहयोग दिया जाएगा। इस मौके पर बैठक में नगरपालिका सचिव शुभम, सफाई इंचार्ज ओंकार सिंह, अनाज मंडी प्रधान रूप गर्ग, करियाना एसोसिएशन के अध्यक्ष रामनिवास, शिव वधवा, गुलशन कुमार गाबा जनरल स्टोर, खेमचंद सचिव व्यापार मंडल, विजय कुमार सचिव क्लॉथ एसोसिएशन, सुरेंद्र कुमार, नरेश कुमार सब्जी मंडी, गुलशन कुमार, विनोद कुमार, संजय कुमार, मोहित सहित अन्य दुकानदार व रेहड़ी संचालक मौजूद रहे।

*अंतरराज्यीय शराब तस्कर गिरोह का भंडाफोड़*

## ट्रक से 50 लाख की करीब 800 पेटी बीयर बरामद



सिरसा। अवैध शराब के साथ पकड़ा गया आरोपी पुलिस की गिरफ्त में।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डबवाली

एंटी नारकोटिक्स सेल डबवाली ने गश्त के दौरान अबूबशहर क्षेत्र से एक शराब तस्कर को करीब 50 लाख रुपए की बीयर की बड़ी खेप करीब 800 पेटी ट्रक के साथ काबू किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल डबवाली प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि वे स्वयं अपनी टीम के साथ गश्त के दौरान गांव अबूबशहर में वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान एक ट्रक उनकी ओर आता हुआ दिखाई दिया। जिसे मादक पदार्थ होने का शक होने पर रुकवाकर नियमानुसार तलाशी ली गई तो ट्रक में करीब 800 पेटी बीयर मार्का बूडवाइजर बरामद हुई। आरोपी की पहचान रमेश कुमार पुत्र गिरधारी राम निवासी करवाड़ा तहसील रानीवाड़ा जिला जालौर राजस्थान के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ सदर थाना में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि ट्रक चालक रमेश कुमार ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह यह बीयर भरा ट्रक रूपनगर लुधियाना से लेकर गुजरात जा रहा था। आरोपी को अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड पर लेकर गहनता से पूछताछ करके इस अवैध शराब तस्करी जैसे जुड़े अन्य लोगों को काबू किया जाएगा।

### टीबी मुक्त पंचायत के दावों को जांचने 11 को आएगी राज्य स्तरीय टीम

**सिरसा**। जिला में टीबी मुक्त पंचायत अभियान के तहत 60 पंचायतों का निरीक्षण करने के लिए 11 मार्च को राज्य स्तरीय टीम पहुंचेंगी। निर्धारित मापदंडों के आधार पर निरीक्षण करने के बाद टीम अपनी रिपोर्ट मुख्यालय को सौंपेंगी। जिसके बाद मुख्यालय द्वारा मापदंड पूरे करने वाली पंचायत को टीबी मुक्त घोषित किया जाएगा। जिला टीबी रोग रोकथाम अधिकारी डॉ. प्रतीक ने बताया इस वर्ष अब तक जिला की 60 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त करने के लिए विभाग ने आवेदन किया था। जिसके बाद अब निरीक्षण की कार्रवाई होगी। इन पंचायतों में पिछले निरीक्षण में शेष रही सात ग्राम पंचायतों को भी शामिल किया गया है।

**डा. शील को सशक्त नारी सशक्तिकरण पुरस्कार से नवाजा**

## महिला दिवस के उपलक्ष्य में किया कार्यशाला का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

महिला दिवस के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में तेरापंथ महिला मंडल सिरसा द्वारा लक्ष्य कार्यशाला का आयोजन भादरा बाजार स्थित तेरापंथ भवन में किया गया। इस मौके पर मुख्यातिथि डॉ. शील कौशिक ने कहा कि वर्तमान में महिला सिर्फ और सिर्फ चुल्हे-चौके तक सीमित नहीं है। वह हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही है। तेरापंथ महिला मंडल की ओर से डॉ. शील कौशिक को सशक्त नारी सशक्तिकरण पुरस्कार, प्रशस्ति पत्र व साहित्यिक पुस्तकें देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर तेरापंथ महिला मंडल की राष्ट्रीय अध्यक्षा विजय लक्ष्मी भूरा महिला मंडल में महिलाओं की भूमिका को विस्तार से प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि आज की नारी अबला नहीं, सबला है। आज की महिला घर को संभालने के साथ-साथ अनेक क्षेत्रों में सराहनीय कार्य कर समाज को नई दिशा देने का काम कर रही है।

*भाविप ने करीब 120 विद्यार्थियों का स्वास्थ्य जाचा*

## बच्चों के लिए दंत चिकित्सा शिविर, टूथब्रश-टूथपेस्ट बांटे




भूना। दंत चिकित्सा शिविर में विद्यार्थियों की जांच करते डॉ. दीपक बंसल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना

भारत विकास परिषद की भूना शाखा ने वीरवार को गांव ढाणी डूल्ट में दंत चिकित्सा शिविर लगाया। शिविर में राजकीय हाई स्कूल और राजकीय प्राथमिक पाठशाला के करीब 120 विद्यार्थियों के दांतों की जांच की गई। बंसल मेडिसिटी हॉस्पिटल के संचालक डॉ. दीपक बंसल और महिला डॉ. पुनीत बंसल ने जांच की। डॉ. दीपक बंसल ने विद्यार्थियों को दांतों की देखभाल, ब्रश करने के सही तरीके और खान-पान की आदतों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दांत शरीर का महत्वपूर्ण अंग हैं। सही देखभाल न करने पर पायरिया जैसे गंभीर रोग हो सकते हैं। जांच के बाद भारत विकास परिषद की ओर से सभी विद्यार्थियों को मुफ्त टूथब्रश और टूथपेस्ट दिए गए। विद्यालय के मुख्य शिक्षक अनूप कुमार, अध्यापक राजेश कुमार, सुभाष चंद्र, उर्मिला, प्राथमिक विद्यालय के मुख्य शिक्षक दलबीर सिंह बाजिया और अध्यापक राकेश मदान ने टीम का आभार जताया। शिविर में शाखा प्रधान दीपक बंसल, कार्यकारी सचिव सतीश मुंजाल, कोषाध्यक्ष आत्म प्रकाश मेहता आदि रहे।

*स्कूल के 5 विद्यार्थियों ने किया क्वालीफाई*

## स्कॉलर्स कान्वेंट स्कूल के कॉमर्स के विद्यार्थियों ने सीए फाउंडेशन में किया शानदार प्रदर्शन

**मनीषा , भूमिका मुंजाल, नंदनी शर्मा, हरमन, राघव कृष्णा को मिली सफलता**



फतेहाबाद। स्कॉलर्स कान्वेंट स्कूल के अव्वल रहे विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज. फतेहाबाद

हाल ही में जारी सीए फाउंडेशन के परिणामों में स्कॉलर्स कान्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहले ही बैच में उत्कृष्ट परिणाम हासिल किये हैं। स्कूल के 5 विद्यार्थियों ने सीए फाउंडेशन क्वालीफाई किया है जिनमें मनीषा तनेजा सुपुत्री आत्म प्रकाश, भूमिका मुंजाल सुपुत्री विनोद कुमार, नंदनी शर्मा सुपुत्री राजेंदर शर्मा, हरमन सुपुत्र कुलदीप सिंह सीए फाउंडेशन तथा राघव रुखाया सुपुत्र केवल कृष्ण रुखाया सीएस फाउंडेशन क्वालीफाई हुए हैं। इसके साथ ही स्कूल की पूर्व छात्रा हर्षा बिश्नोई सुपुत्री भगत सिंह ने सीएस (इंटर) क्वालीफाई किया है। स्कूल के संरक्षक बनवारी लाल तनेजा, मैनेजिंग डायरेक्टर शैलेन भास्कर और प्रिंसिपल ज्योति मेहता ने सभी सफल विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और कॉमर्स फैकल्टी में नीरज मेहता, श्रुति मित्तल, दीप्ति ग्रोवर, रीतू मेहता को बधाई दी और बताया कि स्कॉलर्स कान्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों ने नीट और जेईई एडवांस्ड में जो शानदार प्रदर्शन किया था, उसको कॉमर्स संकाय के विद्यार्थियों ने जारी रखा है। उन्होंने बताया कि स्कॉलर्स कान्वेंट स्कूल में प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए ख़ास तैयारी करवाई जाती है जिसके सुखद परिणाम आ रहे हैं। अपनी स्थापना के थोड़े ही समय में प्रतियोगी और बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन करके स्कूल ने अभिभावकों के विश्वास पर खरा उतरते हुए, शिक्षा के क्षेत्र में अपना मुकाम बनाया है, जिसके लिए सारी फैकल्टी बधाई की पात्र है।

### युवक 36.27 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार

**सिरसा**। एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस टीम ने गश्त व चैकिंग के दौरान गांव फरमाई कलां क्षेत्र से एक युवक को 36 ग्राम 27 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल, सिरसा प्रभारी उप निरीक्षक राजेंद्र सिंह ने बताया कि सेल सिरसा की एक पुलिस टीम गश्त के दौरान गांव फरमाई कलां से गांव भरोखा की ओर जा रही थी। इसी दौरान पुलिस पार्टी को सामने से एक युवक पैदल चलकर आता हुआ दिखाई

*हादसे में बाइक सवार की मौत का मामला*

## मृतक के लड़के का आरोप: जांच अधिकारी ने आरोपियों से मिलकर हादसे को इत्तफाकिया बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

करीब अढ़ाई महीने पहले गांव अयाल्की के पास संदिग्ध परिस्थितियों में बाईक सवार की मौत के मामले में नया मोड़ आया है। इस मामले में जहां सदर फतेहाबाद पुलिस ने पहले इत्तफाकिया कार्रवाई की थी वहीं मृतक के बेटे ने पुलिस जांच अधिकारी पर आरोपियों से मिलीभगत के गंभीर आरोप लगाते हुए एक्सीडेंट का केस दर्ज करने और जांच अधिकारी को बदलने की मांग रखी। इसके बाद अब पुलिस ने एक्सीडेंट का केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। अब मामले की जांच एएसआई अजीत सिंह को सौंपी गई है। शिकायत में प्रिंस ने कहा है कि उसके पिता संतोष कुमार 17 दिसम्बर 2024 को बाइक पर सवार होकर फतेहाबाद गए थे। रास्ते में ट्राला ड्राइवर ने उन्हे टक्कर मार दी।

### अधिकारी बदलने की मांग

प्रिंस ने कहा कि बाद में उसे पता चला कि एक्सीडेंट के जांच अधिकारी ने आरोपियों से साज-बाज होकर एक्सीडेंट को इत्तफाकियां दिखाकर इतिश्री कर ली है और एक्सीडेंट का केस दर्ज नहीं किया है। इस पर प्रिंस ने पुलिस को शिकायत देकर इस मामले में आरोपियों के खिलाफ एक्सीडेंट का केस दर्ज करने, घटना की सीसीटीवी सेफ रखने और अनुसंधान अधिकारी को बदले जाने की मांग की।

### नगर आयुक्त संजय बिश्नोई का सख्त निर्देश शहर में कोई भी पशु खुला ना छोड़ा जाए

**फतेहाबाद**। जिला नगर आयुक्त संजय बिश्नोई ने शहर में डेयरी संचालकों और गौशाला प्रबंधकों को निर्देश दिया है कि वे अपने पशुओं को खुले में न छोड़ें। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई आवारा पशु शहर में घूमता पाया गया, तो उसे सीधे गौशाला में भेज दिया जाएगा। नगर आयुक्त ने सभी गौशाला संचालकों से भी अपील की कि वे टैग लगे पशुओं को गौशाला में ही रखें और उन्हें बाहर न छोड़ें। इस संबंध में नगर परिषद/ पालिका द्वारा कड़ी निगरानी रखी जाएगी, और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर उचित कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा, डीएमसी ने चारा टाल मालिकों को भी निर्देशित किया है कि वे अपने आसपास आवारा पशुओं का जमावड़ा न होने दें। यदि कोई चारा टाल संचालक अपने परिसर में आवारा पशुओं को एकत्रित करता पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। शहरी स्थानीय निकाय विभाग ने आम नागरिकों से भी अनुरोध किया है कि वे अपने पशुओं को घर पर रखें और उन्हें आवारा न छोड़ें। विभाग द्वारा आवारा पशुओं के नियंत्रण के लिए अभियान चलाया जाएगा।

**समस्या** आठ पार्कों में 25 लाख की लागत से लगाए गए थे उपकरण, गुणवत्ता पर उठाए सवाल

# पार्कों में बनी ओपन जिम के उपकरण हफ्तेभर में टूटे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना

नगर पालिका ने शहर के आठ पार्कों में 25 लाख रुपये की लागत से आउटडोर फिटनेस उपकरण लगवाए थे।

ठेकेदार द्वारा लगाए गए ये यंत्र महज एक सप्ताह में ही जगह-जगह से टूट गए। शहरवासियों ने इनकी गुणवत्ता पर सवाल उठाए हैं।

शहीद चंद्रशेखर आजाद पार्क और नेहरू पार्क में कई यंत्र पूरी तरह से टूट चुके हैं। अनिल कुमार जैन, ईश कुमार, कृष्ण कुमार, बलवीर सिंह, रमेश कुमार समेत अन्य लोगों ने बताया कि लाखों रुपये खर्च कर लोहे के फिटनेस यंत्र लगाए गए थे, लेकिन जैसे ही लोगों ने अभ्यास शुरू किया, वे टूटने लगे। वजनदार व्यक्ति के चढ़ते ही इनकी गुणवत्ता की पोल खुल गई।

## निजी जिम में हर महीने हो जाते हैं हजारों रुपये खर्च



शहरवासियों ने कहा कि पार्कों में फिटनेस उपकरण लगाने का मकसद युवाओं को नशे से दूर कर व्यायाम के प्रति जागरूक करना था। निजी जिम में हर महीने हजारों रुपये खर्च करने पड़ते हैं इसलिए सरकार की योजना के तहत नगर पालिका ने टेंडर के जरिए ये यंत्र लगवाए ताकि युवा और बुजुर्ग मुफ्त में व्यायाम कर सकें। लेकिन ये उपकरण स्वास्थ्य सुधारने से पहले ही टूट गए।

लोगों ने इनकी विजिलेंस जांच की मांग की है। इस बारे नगर पालिका के एमई नरेंद्र सिंह पंवार ने कहा कि ये यंत्र लोगों की फिटनेस सुधारने के लिए लगाए गए थे, लेकिन युवाओं ने इन्हें झूला समझ लिया और जरूरत से ज्यादा वजन डालने से ये टूट गए। हालांकि ठेकेदार को 25 लाख रुपये में से अब तक कोई भुगतान नहीं किया गया है। यंत्रों की गुणवत्ता को लेकर ठेकेदार से जवाब मांगा जाएगा।

- शहरवासियों ने जांच की मांग की
- लोगों ने अभ्यास शुरू करते ही क्वालिटी की खुली पोल
- शहीद चंद्रशेखर आजाद पार्क और नेहरू पार्क में कई यंत्र पूरी तरह से टूटे

### पूर्व मंत्री ने किया बीडीपीओ ऑफिस निर्माण कार्य का निरीक्षण

**फतेहाबाद**। पूर्व मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने टोहाना क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खंड पंचायत एवं विकास कार्यालय के निर्माण में हो रही देरी पर नाराजगी जताई और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते निर्माण कार्य में तेजी लाने को कहा। बता दें कि टोहाना में 26 करोड़ रुपए की लागत से बीडीपीओ कार्यालय भवन बन रहा है। इस कार्यालय की ऊपरी मंजिल पर सामुदायिक केंद्र का निर्माण भी होगा। पूर्व मंत्री ने बताया कि पेमेंट की समस्या को हल कर दिया गया है। सरकार के पास विकास कार्यों के लिए बजट की कोई कमी नहीं है।

## खबर संक्षेप

### 150 ग्राम अफीम सहित एक आरोपी काबू

**डबवाली।** एंटी नारकोटिक्स सेल डबवाली ने डबवाली क्षेत्र से 150.76 ग्राम अफीम सहित एक आरोपी को काबू किया है। एएनसी प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि पुलिस टीम चौटाला रोड पर गश्त पर थी। इस दौरान कोर्ट परिसर के सामने एक व्यक्ति सडक़ के बाई साइड में खड़ा था। उक्त व्यक्ति सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर पास में लगी रेहड़ी के पास जाकर खड़ा हो गया। एएसआई ने शक के आधार पर उक्त व्यक्ति को काबू करके उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से 150.76 ग्राम अफीम बरामद हुई। आरोपी की पहचान दर्शन लाल पुत्र बाबूराम निवासी लौहगढ तहसील डबवाली जिला सिरसा के रूप में हुई है।

### सीसीटीवी तोड़कर मेडिकल स्टोर से चोरी

**सिरसा।** सदर सिरसा पुलिस ने गांव शाहपुर बेगू निवासी रिशपाल सिंह पुत्र चाननराम की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। अपनी शिकायत में रिशपाल सिंह ने बताया कि उसकी कंगनपुर में पशु अस्पताल के सामने मेडिकल शॉप है। उसने बताया कि एक मार्च को वह दुकान मंगल करके घर चला गया था। अगले दिन रविवार का अवकाश था और तीन मार्च को जब वह दुकान पर पहुंचा तो शटर टूटा हुआ पाया। दुकान के भीतर गल्ले से 10 हजार रुपये की नगदी, अंग्रेजी व देसी दवाइयां गायब पाई। चोरों ने सीसीटीवी कैमरा व एलसीडी तोड़ दी और डीवीआर भी चुरा ले गए।

### हनुमान मंदिर से हजारों की चोरी, केस दर्ज

**सिरसा।** ऐलनाबाद पुलिस ने गांव मौजू की ढाणी स्थित हनुमान मंदिर से चोरी के मामले में अज्ञात के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। मौजू की ढाणी निवासी गुरजंट सिंह पुत्र अर्जुनराम की ओर से दी गई शिकायत में बताया कि ठोबरिया रोड पर हनुमान मंदिर है। अज्ञात व्यक्त ने मंदिर से चांदी का छत्र, 2100 रुपये की माला, दानपात्र से नगदी, इंवर्टर, बैट्री व लाइट चुरा ले गया।

### राष्ट्रीय लोक अदालत आठ मार्च को

**सिरसा।** न्यायालय परिसर सिरसा, उपमंडल न्यायालय परिसर डबवाली व ऐलनाबाद में 8 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से केसों के निपटारे के लिए आवेदन किया जा सकता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने बताया कि हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के निर्देशानुसार समय-समय पर लोक अदालतों का आयोजन किया जाता है।

### हेल्थ एंड वेलनेस कार्यशाला आयोजित

**सिरसा।** महाराजा अग्रसेन स्कूल में शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल के 60 अध्यापकों ने भाग लिया। कार्यशाला में प्रशिक्षक सत्या चौधरी व राकेश सहगल ने अध्यापकों को हेल्थ एंड वेलनेस के बारे में विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षकों ने जहां शिक्षकों का हेल्थ एंड वेलनेस ज्ञान में वृद्धि की, तो वहीं बारीकी से इसके महत्व को भी समझाया। इस मौके पर स्कूल प्रबंधन समिति प्रधान अनिल गनेरीवाला, सचिव कुंज बिहारी रातुसरिया, उप प्रधान भीम सराफ, संयुक्त सचिव रतन जिंदल, कोषाध्यक्ष सुनील सराफ, स्कूल प्रिंसिपल जपनीत कौर, वाइस प्रिंसिपल शिवा गुप्ता आदि मौजूद थे।

### धूमधाम से मनाई जाएगी भगत धन्नाजी की जयंती

**सिरसा।** भगत धन्नाजी ट्रस्ट के बैनर तले इस बार भी भगत धन्नाजी की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। भगत धन्नाजी ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरीक सिंह राही व ट्रस्ट के फाउंडर डॉ. राजेंद्र कड़वासरा ने बताया कि गत वर्ष भगत धन्नाजी की जयंती पर एक बड़ा व सादा कार्यक्रम आयोजित किया गया था, क्योंकि भगत धन्नाजी का जीवन सादगी भरा रहा था। उन्होंने बताया कि जल्द ही ट्रस्ट की बैठक का आयोजन किया जाएगा।

---

#### श्रीमद् भागवत कथा शुरू, कलश यात्रा में उमड़े श्रद्धालु

# मन, बुद्धि और चित्त को एकाग्र कर कथा सुनने से होता पापों का नाश : शांतिपुरी

*बाबा हरनाम गिरी डेरा ढाणी गोपाल के प्रांगण में कार्यक्रम*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना।

बाबा हरनाम गिरी डेरा ढाणी गोपाल के प्रांगण में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा व ज्ञान यज्ञ का आयोजन हुआ। वीरवार को कथावाचक शांतिपुरी महाराज की अगुवाई में पुजारी रोशन लाल शर्मा और ऋषि पाल शर्मा ने मंत्रोच्चारण के साथ कलश यात्रा निकाली। सैंकड़ों महिला श्रद्धालुओं ने इसमें भाग लिया। यात्रा सनातन धर्म हनुमान मंदिर से शुरू होकर ढाणी गोपाल की फिरनी और गलियों से होते हुए कथा स्थल पर पहुंची। डेरा प्रमुख शुक्रानी गिरी जी महाराज ने श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया।



भूना। ढाणी गोपाल में कथा से पूर्व कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

कथावाचक शांतिपुरी महाराज ने पहले दिन प्रवचन में कहा कि श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण से मोक्ष की प्राप्ति होती है। संसार दुखों का सागर है। हर व्यक्ति किसी न किसी परेशानी से घिरा है। कोई स्वास्थ्य, कोई परिवार, कोई धन तो कोई संतान को लेकर चिंतित है। सभी दुखों से मुक्ति का एकमात्र उपाय ईश्वर की आराधना है, इसलिए हर व्यक्ति को अपने जीवन का कुछ समय हरिभजन में लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भागवत कथा अमृत के समान है, जिसके श्रवण से भय, भूख, रोग और संताप स्वतः नष्ट हो जाते हैं। मन, बुद्धि और चित्त को एकाग्र कर कथा सुनने से जन्म-जन्मांतर के पापों का नाश होता है। महापापी धुंधुकारी का भी उद्धार श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण से हुआ था। नंबरदार जगदीश फगेडिय़ा ने बताया कि 12 मार्च को कथा का समापन होगा। उसी दिन हवन यज्ञ के बाद भंडारा होगा।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर बलबीर सिंह गोदारा, सरपंच रेशमा गोदारा, रामकुमार गोदारा, जगदीश चंद्र, सुरेंद्र खिचड़, पूर्व सरपंच हनुमान पूनिया, राजेश गोदारा, रामकुमार शर्मा, रामप्रसाद फौजी, सुभाष गोदारा, सुभाष सिहाग, जयबीर कसवां, हवा सिंह सिहाग, मेनपाल खिचड़, संजय कडवासरा, पतराम मीठारवाल, रामनाथ बिडासरा, गोविंद शर्मा, महाबीर शर्मा, सीताराम गोदारा, अशोक कुमार, इंद्र गोदारा, शेर सिंह गोदारा, गीता कसवां, शांति ढाका, सविता खिचड़, प्रदीप कुमार, अमित फगेडिय़ा, हवा सिंह गोदारा, सोनू कसवां, जगदीश मीठारवाल, गिरधारी शर्मा, सुरेश फौजी, दोलतराम गोदारा आदि मौजूद रहे।

---



सिरसा। गांजा के साथ पकड़े गए आरोपी पुलिस की गिरफ्त में। फोटो : हरिभूमि

# 20 किलो 870 ग्राम गांजा सहित दो आरोपी गिरफ्तार

- सीआईए ऐलनाबाद पुलिस टीम की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

सीआईए ऐलनाबाद पुलिस टीम ने गश्त व चेकिंग के दौरान नजदीक टोल प्लाजा डिंग क्षेत्र से दो युवकों को 20 किलो 870 ग्राम गांजा सहित काबू किया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिला की सीआईए ऐलनाबाद पुलिस टीम के प्रभारी सब इंस्पेक्टर जगदीश चंद्र के नेतृत्व में एक पुलिस टीम गश्त के दौरान डिंग मंडी क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस पार्टी को महत्वपूर्ण सूचना मिली कि भावदीन टोल प्लाजा पर दो व्यक्ति अपने पास कोई नशीला पदार्थ लिए हुए है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस पार्टी को देखकर अचानक घबरा गए और खिसकने का प्रयास करने लगे तो शक के आधार पर पुलिस पार्टी ने उक्त दोनों युवको को काबू कर राजपत्रित अधिकारी डीएसपी संजीव बल्हारा की मौजूदगी में तलाशी ली तो उनके कब्जा से हजारों रुपए का 20 किलो 870 ग्राम गांजा बरामद हुआ।

---

**बतौर मुख्यातिथि सिरसा के नगर परिषद आयुक्त सुरेंद्र बेनीवाल ने शिरकत की**

# पीएम श्री भुरटवाला स्कूल में वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन

- विभिन्न गतिविधियों में विजेताओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भूरटवाला में वार्षिक खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्यातिथि सिरसा के नगर परिषद आयुक्त सुरेंद्र बेनीवाल ने शिरकत की। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने समूहगान, गिद्दा, लोकनृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रम

व विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। समारोह में उपस्थित हुए अतिथियों व विद्यालय प्रबंधन की ओर से शिक्षा सत्र 2023-24 की वार्षिक परीक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहने वाले तथा बोर्ड परीक्षाओं में मैरिट प्राप्त करने वाले व विभिन्न प्रतिस्पर्धाओ व अन्य गतिविधियों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। सुरेंद्र बेनीवाल ने कहा कि शिक्षा हमारे जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, यह हमें ज्ञान कौशल और मूल्यों की शिक्षा देती है जो हमें एक अच्छा नागरिक और एक सफल व्यक्ति बनने में मदद करती है। विद्यार्थी अपने निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए गहन अध्ययन करें। इस अवसर पर एपीसी बलवीर सिंह, विनोद थाकन, ऐलनाबाद मॉडल संस्कृति विद्यालय के प्राचार्य अनिल दहिया, खारी सुरेरा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य जगसीर सिंह, धोलपालिया विद्यालय के प्राचार्य रायसिह, प्रवक्ता अतुल, डा.चंद्रसैनी, सुरेश शर्मा, हरदीप सिंह, साहब राम, भगतराम शर्मा, सुभाष सुथार सहित आदि मौजूद रहे।



सिरसा। वार्षिक खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव में उपस्थित विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

---

# समर्पण भाव, साधना एवं लग्न से ही हासिल होती है सफलता : सीईओ

- डॉ. सुभाष चंद्र ने अपने जीवन से जुड़े हुए विभिन्न तथ्यों और संघर्ष को किया साझा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

राजकीय नैशनल महाविद्यालय में आयोजित किए जा रहे सात दिवसीय एनएसएस कैंप में तीसरे दिन जिला परिषद सिरसा के सीईओ डॉ. सुभाष चंद्र मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे। डॉ. सुभाष चंद्र ने एनएसएस के स्वयंसेवियों के समक्ष अपने जीवन से जुड़े हुए विभिन्न तथ्यों और संघर्ष के पलों को विस्तृत रूप से सांझा करते हुए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जीवन में निर्धारित किए हुए अपने लक्ष्यों से कभी मुंह नहीं मोडऩा चाहिए और विपरीत परिस्थितियों से कभी हार नहीं माननी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर एकाग्रचित होकर अपने लक्ष्य की पूर्ण समर्पण के साथ साधना की जाए तो निश्चय ही सफलता प्राप्त होती है। इसके पश्चात समाजसेवी रणजीत सिंह टक्कर के नेतृत्व में स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय में पौधारोपण किया एवं पर्यावरण को संरक्षित करने और लगाए गए पौधों की रक्षा करने का संकल्प लिया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. हरजिंदर सिंह ने स्वयंसेवियों को शिविर के सफल संचालन के लिए शुभकामनाएं प्रदान कीं। शिविर को सफलतापूर्वक संचालित किए जाने में डॉ. जीतराम शर्मा, डॉ. मंजू कंबोज, डॉ. रमेश सोनी एवं डॉ. इंदिरा जाखड़ सहित समस्त कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा सक्रिय सहयोग प्रदत्त किया जा रहा है।



सिरसा। विद्यार्थियों को संबोधित करते सीईओ डॉ. सुभाष चंद्र। फोटो : हरिभूमि

---

### फर्जी एसएचओ बनकर गाड़ी बुकिंग करने के नाम पर की धोखाधड़ी

- कॉल उठाने वाले ने कहा कि साहब अभी आ रहे हैं, तब तक गाड़ी को अच्छे से साफ कर लो

**सिरसा।** शहर में एसएचओ के लिए गाड़ी की बुकिंग करने के नाम पर धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। धोखाधड़ी करने वाले वाले ने सदर थाने के एसएचओ के नाम पर दिल्ली जाने के लिए छह हजार रुपए में बुकिंग की। जब ड्राइवर गाड़ी लेकर सदर थाने पहुंचा तो उसके खाते में 16 हजार रुपए भेजने के नाम पर चार हजार रुपए ठग लिए। ड्राइवर की ओर से शिकायत पुलिस को दी गई है। पुलिस को दी शिकायत में ट्रैवल एजेंसी के संचालक यश ने बताया कि उनके पास सदर थाना प्रभारी के सिरसा से दिल्ली जाने के लिए गाड़ी बुक की गई। जब उन्होंने ड्राइवर गुरजंट सिंह को सदर थाने भेजा तो उसने जिस नंबर से कॉल आई थी, उस पर कॉल की। कॉल उठाने वाले ने कहा कि साहब अभी आ रहे हैं, तब तक गाड़ी को अच्छे से साफ कर लो। इसके बाद उसने एक मैसेज उसके मोबाइल नंबर पर भेजा, जिसमें 16 हजार रुपए भेजे हुए दिखे। सामने वाले ने कॉल करके कहा कि आपको 6 हजार रुपए भेजने थे, गलती से 16 हजार रुपए भेज दिए हैं। 10 हजार रुपए वापस भेज दो। इसके बाद उसने 2-2 हजार रुपए करके दो बार में चार हजार रुपए भेज दिए। उसके बाद उसके खाते में पैसे खत्म हो गए।श

---

# पत्रकार सरकार व जनता के बीच की कड़ीः शर्मा

- विद्यार्थियों को प्रभावशाली पत्रकारिता के दिए टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

पीएम श्री राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल खारियां में यंग राइटर एडिटोरियल क्लब गठन का कार्यक्रम प्राचार्य सदीव सिंह की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम में महेश शर्मा ने विद्यार्थियों को प्रभावशाली पत्रकारिता के टिप्स दिए। उन्होंने विद्यार्थियों को एक प्रभावी पत्रकार के गुणों से अवगत करवाते हुए पत्रकारिता में भविष्य संवारने का संदेश दिया। उन्होंने समाचार वाचन तथा खबर लेखन के बारे में उन्होंने जानकारी एकत्रित करने के तरीके बताए। अध्यापक लखविंद्र सिंह रतन ने कहा कि पत्रकार ही सरकार और जनता के बीच की कड़ी होता है, जिसकी लेखनी से सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुंचती है। समाज को अपराध मुक्त तथा शासन को पारदर्शी बनाने में एक सक्रिय रिपोर्टर का अहम योगदान होता है। प्रवक्ता नत्थू राम ने एक कविता सुनाते हुए क्लब के चयनित विद्यार्थियों को आगे बढऩे का संदेश दिया। अंत में प्राचार्य महोदय ने सभी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर प्रवक्ता राजेंद्र कुमार, ललित कुमार लिंबा व रवि नागवंशी मौजूद थे।




सिरसा। विद्यार्थियों को संबोधित करते पत्रकार महेश शर्मा।

---

### शहीद स्मारक का करें लोगो डिजाइन, चयनित प्रतिभागी को मिलेगा एक लाख का पुरस्कार

**सिरसा।** आजादी की पहली लड़ाई 1857 की क्रांति में अपनी वीरता दिखाने वाले एवं शहीद हुए वीरों की याद में हरियाणा सरकार द्वारा अंबाला कैंट के नजदीक अंबाला-नई दिल्ली नेशनल हाईवे- 44 पर 22 एकड़ में शहीद स्मारक का निर्माण किया जा रहा है। सूचना, जन सम्पर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की ओर से इस शहीद स्मारक के लिए प्रतीक चिन्ह (लोगो) तैयार करने के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित की गई हैं। प्रतीक चिन्ह (लोगो) के चयन उपरांत प्रतिभागी को एक लाख रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। सूचना, जन सम्पर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग हरियाणा तथा संवाद सोसायटी के अधिकारियों और कर्मचारियों को छोडकऱ अन्य इच्छुक व्यक्ति अपनी प्रविष्टि एक अप्रैल 2025 को शाम पांच बजे तक भेज सकता है।

### सात दिवसीय एनएसएस शिविर हुआ संपन्न

**सिरसा।** सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सात दिवसीय एनएसएस शिविर के समापन दिवस पर विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक, सामाजिक कार्यक्रम आयोजित हुए। कार्यक्रम में चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय एनएसएस वाईआरसी संयोजक व समाजशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ. रोहताश मुख्यातिथि थे। कालेज प्राचार्या डॉ. रंजना ग्रोवर ने कहा कि एनएसएस की नींव अनुशासन, धैर्य, समाज कल्याण व राष्ट्रहित से जुड़ी हुई है। इसलिए राष्ट्रहित की भावना को सर्वोपरि मानते हुए कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे समाज की प्रगति के लिए ऐसे कार्यों का महत्व अत्यधिक है।

---

### स्वास्थ्य विभाग ने किया ऑनलाइन एमटीपी किट की बिक्री का भंडाफोड़

- फर्जी ग्राहक बन वेबसाइट पर किया आर्डर, कोरियर से नागरिक अस्पताल पहुंची एमटीपी किट

**सिरसा।** गर्भ में लिंग की जांच को रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी पूरी निष्ठा से जुड़े हुए है। न केवल सिरसा जिला बल्कि पड़ौसी राज्यों में भी रैकेट का पर्दाफाश कर चुके हैं। ऐसे में एमटीपी किट की ऑनलाइन बिक्री की सूचना मिलने पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने फर्जी ग्राहक बनकर इसका भंडाफोड़ किया। अचरज की बात यह है कि ऑनलाइन आर्डर करने पर एमटीपी किट की डिलीवरी कोरियर के माध्यम से नागरिक अस्पताल में ही कर दी गई। पीएनडीटी मामलों के जिला नोडल ऑफिसर डा. संकेत सेतिया की शिकायत पर शहर सिरसा पुलिस ने आधा दर्जन वेबसाइट के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। डा. संकेत सेतिया की ओर से पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि एमटीपी किट की खुली बिक्री प्रतिबंधित है। चिकित्सा अधिकारियों की देखरेख में जरूरी होने पर ही इसका इस्तेमाल किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि गर्भपात में इस्तेमाल की जाने वाली एमटीपी किट की ऑनलाइन बिक्री बारे सूचना मिली। जिस पर उन्होंने ड्रग कंट्रोल ऑफिसर से संपर्क साधा। इसके बाद फर्जी ग्राहक बन एमटीपी किट के लिए आनलाइन आर्डर किया।

---

# युवक की हत्या के आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग

- ग्रामीणों ने पुलिस को दिया अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

गांव ख्योंवाली में करीब तीन महीने पहले एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी लेकिन ओढ़ा पुलिस ने अभी तक आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। इस बात को लेकर लोगों में रोष व्याप्त है और उनकी मांग है कि आरोपियों को गिरफ्तार करके कानूनी कार्रवाई की जाए। इस घटना को लेकर वीरवार को ओढ़ा में स्थित मजहबी सिख धर्मशाला में दर्जनों गांवों के लोग भारी संख्या में एकत्रित हुए। जनता अधिकार मोर्चा के करनैल सिंह ओढ़ा ने पुलिस को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि अगर जल्दी ही आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो ओढ़ा थाना में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस बात की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी अनिल सोढ़ी अपनी पूरी टीम के साथ धर्मशाला में पहुंच गए। जनता अधिकार मोर्चा के प्रभारी करनैल सिंह ओढ़ा व प्रदेशाध्यक्ष जसविंदर सिंह ने थाना प्रभारी को पूरी बात बताकर न्याय देने की मांग की।

**दिया आश्वासन**

थाना प्रभारी ने सभी लोगों को आश्वस्त किया कि पुलिस पूरी कार्यवाही करेंगी। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट मधुवन से आनी बाकी है रिपोर्ट आने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर सैलेन्द्र टोनी, गुरदीप सिंह खालसा, कुलदीप सिंह रिंकू, गुरदीप सिंह डबवाली, भीम आर्मी जिलाध्यक्ष अमनदीप, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रोहित घरवा, गोपी राम खारिया, श्रवण नंबरदार सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

---

**शिविर** | जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लोगों को दे रहा मुफ्त कानूनी सहायता

# गांव मताना में जागरूकता कैंप, ग्रामीणों को दी कानूनी अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी

- पंचायत घर में आयोजित इस कैम्प में मुख्य वक्ता के तौर पर एडवोकेट श्वेता ग्रोवर ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन में ग्रामीणों को उनके कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी देने के लिए ग्राम पंचायत के सहयोग से गांव मताना में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। गांव के पंचायत घर में आयोजित इस कैम्प में मुख्य वक्ता के तौर पर एडवोकेट श्वेता ग्रोवर ने भाग लिया। उनके साथ पीएलवी बलबीर सिंह भी मौजूद रहे। गांव के सरपंच दलबीर वर्मा एडवोकेट ने अतिथियों का कैम्प में पहुंचने पर स्वागत किया। कैम्प के दौरान एडवोकेट श्वेता ग्रोवर ने ग्रामीणों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों को उनके कानूनी अधिकारों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि हर आम आदमी तक न्याय पहुंचे, इसको लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा लोगों को मुफ्त कानूनी सहायता भी दी जाती है। सभी अनुसूचित जाति, जनजाति, महिलाओं, बच्चों व तीन लाख से कम आय वालों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मुफ्त कानूनी सहायता दी जाती हैं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से मुफ्त कानूनी सहायता के लिए टोल फ्री हैल्पलाइन नंबर 15100 जारी किया गया है। कोई भी व्यक्ति इस नंबर पर फोन करके मुफ्त कानूनी सलाह ले सकता है। इसके अलावा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में भी इसको लेकर सम्पर्क किया जा सकता है। गांव के सरपंच दलबीर वर्मा एडवोकेट ने अतिथियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के कार्यक्रमों से लोगों में जागरूकता आती है और वे बेहतर ढंग से अपने कानूनी अधिकारों का प्रयोग कर सकते हैं। इस अवसर पर मनरेगा मैट राधेश्याम डागर, अनिल वर्मा, राज कौर तानाण, जिले सिंह, गुड्डी देवी सहित काफी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।



फतेहाबाद। गांव मताना में आयोजित जागरूकता शिविर में मुख्य वक्ता को सम्मानित करते सरपंच दलबीर वर्मा। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### गुरुद्वारे के बाहर से दो युवकों ने चुराई साइकिल

**फतेहाबाद।** गुरुद्वारे के बाहर से दो युवकों ने एक व्यक्ति की साइकिल चोरी कर ली। इस मामले में पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में गुरूनानकपुरा मोहल्ला निवासी श्याम सिंह ने कहा है कि उसकी रतिया रोड पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के पास चाय की दुकान है। गत दिवस सुबह वह अपनी साइकिल पर सवार होकर गुरूद्वारे में माथा टेकने के लिए गया था। उसने अपनी साइकिल को गुरूद्वारे के बाहर गेट के पास खड़ा किया और अंदर चला गया। कुछ देर बाद जब वह वापस बाहर आया तो उसने देखा कि वहां से उसकी साइकिल गायब थी। वहां से चोर उसकी साइकिल चोरी कर ले गए थे। जब उसने इस बारे आसपास तलाश की तो उसे पता चला कि संदीप पुत्र बलवान निवासी शक्ति नगर व उसके दोस्त कुलदीप ने उसकी साइकिल चोरी की है। इस पर उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर दोनों युवकों की तलाश शुरू कर दी है।

### अस्पताल के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी

**फतेहाबाद।** वाहन चोरों ने शहर के मॉडल टाऊन स्थित एक अस्पताल के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी कर लिया। पुलिस को दी शिकायत में अग्रवाल कालोनी फतेहाबाद निवासी सुनील कुमार ने कहा है कि गत दिवस वह अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर किसी काम से बाजार गया था। उसने अपने मोटरसाइकिल को मॉडल टाऊन स्थित श्री बालाजी अस्पताल के सामने खड़ा किया और अंदर चला गया। कुछ देर बाद जब वह वापस बाहर आया तो उसने देखा कि वहां से उसका मोटरसाइकिल गायब था।

### शराब सहित एक युवक को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** शराब तस्करों की धरपकड़ करते हुए सदर टोहाना पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान मुकेश पुत्र दलबीर सिंह निवासी समैण के रूप में हुई है। थाना सदर टोहाना पुलिस की टीम एएसआई महेन्द्र सिंह के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ को लेकर गश्त पर थी। टीम जब गांव समैण के बस अड्डे के पास पहुंची तो धानक चौपाल की तरफ से एक व्यक्ति प्लास्टिक कट्टा लिए आता दिखाई दिया। उक्त युवक पुलिस को देखकर घबरा गया और गली की तरफ भागने लगा। शक के आधार पर पुलिस कर्मचारियों ने युवक का पीछा कर उसे कुछ ही दूरी पर काबू कर लिया। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 13 बोतल ठेका शराब देशी बरामद हुई।

### महिला का पर्स चुराकर दो महिलाएं फरार, केस

**फतेहाबाद।** टोहाना में खरीददारी करने आई एक बुजुर्ग महिला का पर्स दुकान से दो अज्ञात महिलाएं चोरी कर फरार हो गई। इस बारे सूचना मिलते ही पुलिस ने केस दर्ज कर दोनों महिलाओं की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में कुलां निवासी मनवीर सिंह ने कहा है कि गत दिवस वह अपनी दादी अजीत कौर के साथ कपड़ा खरीदने के लिए टोहाना के रेलवे रोड पर आए हुए थे। उसकी दादी के हैंड पर्स में 15 हजार रुपये थे। कपड़ा खरीदते समय दो लेडिज वहां आई। दो महिलाओं ने झांसा देकर उसकी दादी का पर्स दुकान के काउंटर से चोरी कर ले गई।

### अंतर-विश्वविद्यालयीय प्रतियोगिताओं में 67 प्रतिभागियों ने लिया भाग

# संस्कृत अनेक भाषाओं की जननी: डॉक्टर बंसल

**चौधरी देवीलाल विवि के संस्कृत विभाग में अंतर-विश्वविद्यालयीय प्रतियोगिताओं का आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग में वीरवार को अंतर-विश्वविद्यालयीय प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। इन प्रतियोगिताओं का आयोजन हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के संयुक्त तत्वाधान में हुआ। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. राजेश कुमार बंसल ने बतौर मुख्यातिथि कहा कि संस्कृत अनेक भाषाओं की जननी है और इस क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को अपने समय का सदुपयोग करना चाहिए और लक्ष्य निर्धारित करके जीवन में आगे बढना चाहिए।

हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के संस्कृत प्रकोष्ठ के निदेशक डॉ. चितरंजन दयाल सिंह कौशल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और संस्कृत को बढ़ावा देने के लिए अकादमी की विभिन्न गतिविधियों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने संस्कृत भाषा के संवर्धन पर बल देते हुए कहा कि इस भाषा को बढ़ावा देने के लिए अनेक संस्थाएं कार्यरत हैं। अकादमी भी संस्कृत प्रतियोगिताओं, विचार गोष्ठियों, कवि सम्मेलनों एवं प्रशिक्षण वर्गों का आयोजन कर रही है। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया और विजेताओं को स्मृति चिह्न एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत विभागीय छात्रों द्वारा मंत्र पाठ, सरस्वती वंदना एवं संस्कृत गीत की प्रस्तुति से हुई। इसके बाद प्रश्न-मंच प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें नौ टीमों के कुल 27 छात्रों ने भाग लिया। इसमें चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके उपरांत श्लोक उच्चारण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें 28 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसमें संस्कृत विभाग की छात्रा मनीष ने प्रथम जबकि राजकीय महाविद्यालय जमाल की छात्रा सुनीता द्वितीय तथा इसी महाविद्यालय की छात्रा मनीषा तृतीय स्थान पर रही, जबकि श्री सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय के छात्र संदीप को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। भाषण प्रतियोगिता में 12 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसमें जीजे एजुकेशन कॉलेज की छात्रा कविता ने प्रथम, सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय की छात्रा चेतना द्वितीय, राजकीय महाविद्यालय भट्टू कलां की छात्रा मनमोहिनी तृतीय स्थान पर रही।



**सिरसा।** प्रतियोगिताओं के विजेताओं को स्मृति चिह्न एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते हुए अतिथिगण। *फोटो: हरिभूमि*

**नाम रोशन किया**

वहीं सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय की छात्रा प्रिया को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 67 प्रतिभागियों ने भाग लेते हुए प्रथम, द्वितीय, तृतीय और सांत्वना पुरस्कारों को जीत कर अपने-अपने संस्थानों का नाम रोशन किया।


**फतेहाबाद।** प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते प्राचार्य। *फोटो: हरिभूमि*

## रीडिंग प्रमोशन माह के तहत प्रतियोगिताएं

**फतेहाबाद।** हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के निर्देशानुसार समग्र शिक्षा द्वारा राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जिला स्तर पर रीडिंग प्रमोशन माह के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्राचार्य हरमिन्द्र सिंह ने गतिविधियों में प्रथम रहे विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का मंच संचालन प्रवक्ता नीलम रानी ने किया। जिला स्तरीय कार्यक्रम के संयोजक एपीसी निहाल सिंह व प्रदीप कुमार ने बताया कि रीडिंग प्रमोशन माह के तहत खण्ड स्तर पर विजेता रहे विद्यार्थियों ने भाग लिया। 6-8 कक्षा वर्ग तथा 9-12 कक्षा वर्ग में वर्तिनी, डिबेट, स्टोरी राइटिंग, स्पेल-बी, कविता आदि प्रतियोगिताओं में भाग लिया। 6-8 में वर्तिनी कम्पीटीशन में रा.मा.वि. अशोक नगर की 6वीं कक्षा की मन्नत, रा.क.मा.वि. धारसूलखुर्द की 7वीं कक्षा की अन्नू रानी, पीएमश्री रा.क.व.मा.वि. फतेहाबाद की 8वीं कक्षा की सुनयना प्रथम रही। स्टोरी राइटिंग कम्पीटीशन में रा.व.मा.वि. धोलू की 6वीं कक्षा का ललित, रा.मॉ.सं.व.मा.वि. इन्दाछुई की 7वीं कक्षा की खुशदिल, रा.क.व.मा.वि. गोरखपुर की 8वीं कक्षा की यशिका, के.जी.बी.वी. खाई की 9वीं कक्षा की राजबीर कौर, रा.उ.वि. अलीपुर बरोटा की 10वीं कक्षा की याचिका, रा.मा.सं. व.मा.वि. इन्दाछुई की 11वीं कक्षा की यशिका, रा.व.मा.वि. खुंडन की 12वीं कक्षा की जशनप्रीत कौर प्रथम स्थान पर रहा।

### ठगी मामले में दूसरा आरोपी गिरफ्तार

- पुलिस वर्दी पहनकर लोगों को लगाते थे चूना

**फतेहाबाद।** हरियाणा पुलिस की वर्दी पहनकर और नोटों की नकली गड्डियां दिखाकर लोगों को ठगने के मामले में भूना पुलिस ने दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए युवक की पहचान अशोक उर्फ सन्नी पुत्र शमशेर सिंह निवासी बोबुआ थाना बरवाला जिला हिसार के रूप में हुई है। इस मामले में एक आरोपी विकास पुत्र रामकिशन निवासी बोबुआ जिला हिसार को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। थाना भूना प्रभारी ने इंस्पैक्टर प्रदीप ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 15 फरवरी को केस दर्ज किया था। पुलिस की टीम एसआई रविन्द्र के नेतृत्व में बस अड्डे के पास नाकाबंदी कर वाहनों की जांच कर रही थी तो उकलाना की तरफ से एक मोटरसाइकिल पर तीन युवक आते दिखाई दिए। पुलिस ने जब इनको रूकने का इशारा किया तो युवक घबरा गए और मोटरसाइकिल को वापस मोडऩे की कोशिश करने लगे। शक के आधार पर पुलिस कर्मचारियों ने युवकों का पीछा किया तो दो युवक अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग गए जबकि एक युवक को पुलिस ने काबू कर लिया। पकड़े गए युवक ने हरियाणा पुलिस की वर्दी पहनी हुई थी। पूछताछ में युवक ने अपना नाम विकास पुत्र रामकिशन निवासी बोबुआ जिला हिसार बताया था। पुलिस ने युवक के पास से हरियाणा पुलिस की कैप, चिल्ड्रन बैंक ऑफ इंडिया के 500 के फुल फन लिखे नोट की गड्डियां व 8 सफेद कागजात की गड्डियां बरामद की थी। 5 गड्डियों पर 2-2 नोट 500 के नकली नोट व अंदर 96-96 सफेद कागज लगे थे।

## कुर्सी बचाने को निकाय मंत्री से मिले रतिया नप चेयरमैन प्रतिनिधि व वाइस चेयरमैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶रतिया

रतिया नगर पालिका के चेयरमैन प्रतिनिधि महेश खन्ना व वाइस चेयरमैन जोगिन्द्र नंदा ने बुधवार को हरियाणा के स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल से उनके निवास स्थान पर मुलाकात की। इस मुलाकात को प्रधान और उपप्रधान के खिलाफ पार्षदों द्वारा लाए जा रहे अविश्वास प्रस्ताव से जोडक़र देखा जा रहा है। महेश खन्ना व जोगिन्द्र नंदा ने रतिया नगर पालिका में चल रहे विकास कार्यों के बारे में मत्री विपुल गोयल को जानकारी दी। मंत्री विपुल गोयल ने महेश खन्ना व जोगिन्द्र नंदा को आश्वासन दिया कि रतिया नगर पालिका में विकास कार्यों की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी और रतिया नगर पालिका को विकास कार्यों के लिए पर्याप्त धनराशि दी जाएगी। उल्लेखनीय है हाल ही में नगर पालिका रतिया की चेयरमैन प्रीति खन्ना ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की मौजूदगी में जाखल में भाजपा पार्टी को ज्वाइन किया था। इसके बाद रतिया नगर पालिका के 14 पार्षदों ने चेयरमैन प्रीति खन्ना व वाइस चेयरमैन जोगिन्द्र नंदा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के लिए डीसी से मिले थे।


**रतिया।** निकाय मंत्री से मिलते रतिया नप चेयरमैन प्रतिनिधि व वाइस चेयरमैन।

## श्यामभक्तों का पैदल जत्था पहुंचा सीकर

- फतेहाबाद से खाटू धाम को गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶फतेहाबाद

श्री श्याम प्रचार समिति की तरफ से फतेहाबाद से श्री खाटू श्याम जी के लिए रवाना हुई पैदल यात्रा आज वीरवार को सीकर पहुंचेगी। बता दें कि हर साल की तरह इस बार भी बड़ी ही धूमधाम से पैदल यात्रा फतेहाबाद से रवाना हुई है। श्याम भक्तों का यह जत्था करीब 300 किलोमीटर की पैदल दूरी तय करते हुए 8 मार्च को खाटू श्याम पहुंचेगा। इसके बाद श्यामभक्तों द्वारा खाटू श्याम में भण्डारे का भी आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए बालमुकुंद गर्ग ने बताया कि बाबा श्याम जी यात्रा 1993 में शुरू की गई थी और तब से हर साल बड़ी ही धूमधाम से नाचते, बाबा के जयकारे लगाते हुए, बाबा के रथ के साथ साथ खाटू श्याम बाबा का निशान अपने हाथों लेकर खाटू श्याम जी पहुंचते हैं। पैदल यात्रियों में सुनील गर्ग, रजनीश पंघाल, दिनेश दिल्ली, तरुण गोयल, राजू सरदाना, राजन बोहा, योगेश चेन्नई, शुभम, सतीश खटक, इंद्रजीत सिंह, विजय कुमार, विनोद कुमार, श्याम गर्ग, राजन शर्मा, चाहत बोहा, राम नमन सहित 40 के श्याम प्रेमी पैदल जा रहे हैं।


**फतेहाबाद।** खाटू श्याम के लिए पैदल जाता श्यामभक्तों का जत्था।

## 'तूने मेरे बाबा मुझे सब कुछ दिया' पर झूमे भक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶फतेहाबाद

गुरुकृपा मंडल द्वारा मनाए जा रहे होली उत्सव के दौरान वीरवार को बीघड़ रोड पर कार्यक्रम का धूमधाम से आयोजन किया गया। मेहता परिवार ने ज्योति प्रचंड करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उसके बाद भारत टुटेजा ने गणेश वंदना, गुरु वंदना के साथ विधिवत शुरूआत की। उसके बाद ममता तनेजा ने 'राम आयेंगे तो अंगना सजाउंगी, राम राम की महिमा का गुणगान किया। उसके बाद श्याम प्रेमी सुनील मदान ने श्याम बाबा के भजनों का गुणगान किया और माहौल को भक्तिमय बना दिया। उसके बाद टी सीरिज कलाकार भारत टुटेजा ने 'मैं तेरी होगी रे मेरे सांवरिया सरकार, आयेगा वो आयेगा नीले चढ़ सांवरा आयेगा, राधा का नाम अनमोल, मस्तों की मस्ती बरसाना मेरा गाव है' आदि सुंदर भजनों से सभी को नाचने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में सजा गया बाबा श्याम का दरबार देखने योग्य था। शीश के दानी महिला मंडल का कार्यक्रम के आयोजन में विशेष सहयोग रहा। श्यामभक्तों ने बाबा श्याम के सुंदर भजनों का आनंद लिया।


**फतेहाबाद।** होली उत्सव में भजनों की अमृत वर्षा करते टी सीरिज कलाकार भारत टूटेजा। *फोटो: हरिभूमि*

**लंगर प्रसाद वितरित**

मेहता परिवार ने भारत टुटेजा व मंडल के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया और उन्हें सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर ज्योति जुनेजा, कविता, ममता मेहता, चारू, मीनू भूटानी, रजनी, राखी, नीरू, पूनम, रमेश मेहता सहित काफी संख्या में भक्तजन मौजूद रहे। अंत में बाबा श्याम की आरती के साथ श्रद्धालुओं में लंगर प्रसाद वितरित किया गया।

*विद्यालय में आरंभ से तैयारी*

## क्रेसण्ट स्कूल के 9 बच्चों ने सीए परीक्षा में सफलता हासिल की


**फतेहाबाद।** सीए परीक्षा में अव्वल रहे क्रेसण्ट स्कूल के विद्यार्थी। *फोटो: हरिभूमि*

- पूजा, दीक्षा तथा युग ने सीए फाउंडेशन में सफलता पाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶फतेहाबाद

रेसण्ट पब्लिक स्कूल के होनहार विद्यार्थियों ने एक बार फिर शिक्षा के क्षेत्र में बाजी मारी। विद्यालय के छात्रों ने सीए फाउंडेशन 2025 और इंटर परीक्षा 2025 में अभूतपूर्व सफलता हासिल की। स्कूल प्रधानाचार्य पूनम ने बताया कि विद्यालय के छात्र कुश, सोनिया तथा सृष्टि ने सीए इंटर प्रथम ग्रुप तथा द्वितीय ग्रुप में सफलता हासिल की, वहीं, सीए इंटर प्रथम ग्रुप परीक्षा में तान्या, रितीशा तथा जसमीत कौर ने अपनी सफलता दर्ज करवाई। पूजा, दीक्षा तथा युग ने सीए फाउंडेशन में सफलता पाई। सभी छात्रों ने इसी साल 12वीं में वाणिज्य संकाय में अपनी सफलता का परचम लहराकर नए कीर्तिमान स्थापित किए थे। प्रधानाचार्या पूनम ने बताया कि छात्र विभिन्न उच्च पदों पर कार्यरत होकर अपना व विद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। विद्यालय में आरंभ से ही विद्यार्थियों को परीक्षा के लिए तैयारी करवाई जाती है, जिससे छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का प्लेटफॉर्म मिलता है। इससे वे नौवीं से तैयारी शुरू कर देते हैं। उन्होंने वाणिज्य संकाय के हेड राजदीप के साथ छात्रों व अभिभावकों को बधाई दी।

### फिरौती मांगने के मामले में युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** रतिया पुलिस ने एक व्यक्ति को असला दिखाकर 10 हजार रुपये की फिरौती मांगने के मामले में कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए युवक की पहचान विकास उर्फ ठाकुर पुत्र भगवान सिंह निवासी सुखमनपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के पास से वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को बरामद कर लिया है। उसे माननीय अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा। इस बारे जानकारी देते हुए थाना शहर रतिया प्रभारी एसआई रणजीत सिंह ने बताया कि पुलिस ने इस बारे 12 फरवरी को हरमिन्द्र सिंह उर्फ हान्डी निवासी तामसपुरा हाल शिमलापुरी कालोनी रतिया की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार वह आरकेस्ट्रा का काम करता है। रात को जब वह घर पर था तो विकास उर्फ ठाकुर अपने साथियों के साथ मोटरसाइकिल व स्कार्पियो गाड़ी में सवार होकर आए और उससे 10 हजार रुपये की फिरौती मांगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 8814999173, 9253681005

### समाधान शिविर में 7 शिकायतें आईं

# शिविर में अतिरिक्त उपायुक्त ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं

- जिला मुख्यालय व उपमंडल स्तर पर सुबह 10 से 12 बजे तक कार्यक्रम हो रहे आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶फतेहाबाद

अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया ने समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनते हुए उनसे आह्वान किया कि वे अपनी समस्याओं के समाधान के लिए प्रत्येक कार्य दिवस में जिला मुख्यालय व उपमंडल स्तर पर सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर में आएं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा समस्याओं के समाधान को लेकर पूरी गंभीरता के साथ एक्शन लिया जाता है व जल्द से जल्द समाधान सुनिश्चित किया जाता है। जिन समस्याओं के मौके पर ही निदान संभव होता है उनका किया जा रहा है व अन्य समस्याओं के मामलों में यथाशीघ्र एक्शन लेते हुए निर्धारित समय में समाधान के निर्देश दिए जाते हैं। वीरवार को आयोजित किए गए समाधान शिविर में कुल सात शिकायतें प्राप्त हुई, जिनके समाधान के लिए एडीसी ने मौके पर मौजूद संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



**फतेहाबाद।** समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनते एडीसी अनुराग ढालिया।

**समस्याओं का समाधान तुंरत करें**

अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि अधिकारी नागरिकों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर करे। सरकार के निर्देशानुसार जरूरतमंद व पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। समाधान शिविर में विशेषतौर पर फैमिली आईडी में आय ठीक करवाने, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, विदुर पेंशन, दिव्यांग पेंशन, पारिवारिक विवाद, सरकार की योजनाओं के लाभ लेने, आयुष्मान कार्ड, नया पहचान पत्र बनवाने, बिजली, पानी, पीपीपी में त्रुटियों को दुरुस्त करने सहित विभिन्न प्रकार की समस्याएं गंभीरता से सुनी गई। एडीसी ने बताया कि सरकार के निर्देशों पर जिला में आयोजित हो रहे समाधान शिविरों में त्वरित समाधान किया जा रहा है। शिविर में लोगों को उनकी समस्याओं का तुरंत प्रभाव से समाधान मिल रहा है।

### हरियाणा सिविल पेंशनर्ज की मासिक बैठक 8 को

**फतेहाबाद।** हरियाणा सिविल पेंशनर्ज वैलफेयर एसोसिएशन फतेहाबाद की मासिक बैठक प्रधान हरबंस लाल सेठी की अध्यक्षता में 8 मार्च शनिवार को सायं 4 बजे बाल भवन फतेहाबाद में होगी। प्रधान हरबंस लाल सेठी व सचिव मदन गोपाल नारंग ने बताया कि इस बैठक में पेंशनर्ज की समस्याओं बारे जानकारी ली जाएगी तथा उनका समाधान संबंधित विभागों द्वारा करवाया जाएगा तथा कैशलैस, एलटीसी बारे जानकारी दी जाएगी। 22 मार्च को सेवन स्पाइस होटल में पेंशनर्ज डे मनाया जाएगा तथा 6 वरिष्ठ पैंशनर्ज महिलाओं जिनका जन्म 24 फरवरी 1954 के बाद है तथा 12 वरिष्ठ पुरुषों जिनका जन्म 1 मार्च 1952 के बाद है, उनको सम्मानित किया जाएगा।